कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा–स / विविध दिवस / 2018 / 21 दिनांक : 28.02.2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय–माध्यमिक शिक्षा।

विषय :– स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अन्तर्गत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (MHM) पर केन्द्रित **''चुप्पी तोड़ो दिवस''** के आयोजन के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर का पत्रांक : प.24(14)शिक्षा–6 / 2019 दिनांक : 27.02.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अन्तर्गत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (MHM) पर केन्द्रित **''चुप्पी तोड़ो दिवस''** दिनांक : 01.03.2019 को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित वरिष्ठतम उच्च माध्यमिक / माध्यमिक विद्यालयों में स्थानीय सरपंच के मुख्य अतिथ्य, प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता एवं ग्राम विकास अधिकारी के संयोजन में आयोजित किया जाना है जिसमें ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड पंच / ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, स्थानीय अधिकारी / कर्मचारी, स्वच्छाग्रही, नेहरू युवा मण्डल के सदस्य, स्कूल जाने वाले व न जाने वाले 10 से 19 वर्ष के किशोर / किशोरी, बालक / बालिकाएं, 20 से 45 वर्ष की महिलाएं एवं बालक–बालिकाओं के पिता / अभिभावक भाग लेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर / किशोरी, बालक / बालिकाओं, पुरूषों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन के मुद्दे पर आमुखीकरण एवं संवेदीकरण सुनिश्चित करना है। उक्त दिवस मनाया जाना सुनिश्चित करें।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, निदेशालय, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

E:\Genral letter.docx